आकाशवाणी केन्द्र शिमला
29.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

एम.ओ.यू.

तेलंगाना सरकार लाहौल–स्पीति ज़िले में दो विद्युत परियोजनाओं पर काम करेगी। जिसको लेकर हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौते के तहत, लाहौल–स्पीति में चार सौ मेगावाट के सेली और एक सौ 20 मेगावाट के मियार हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रामार्का मालू की उपस्थिति में आज शिमला में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। ये दोनों परियोजनाएं चिनाव नदी पर 6 हजार दो सौ करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से तैयार की जाएंगी और इनसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार के लगभग 5 हजार अवसर सृजित होंगे। एम.ओ.यू. के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जो हाइड्रो प्रोजेक्ट राज्य सरकार की शर्तों को नहीं मानेंगे, सरकार उन्हें अपने नियंत्रण में लेगी। उन्होंने कहा कि तेलगाना को 40 साल के लिए ये प्रोजेक्ट दिया गया है। तेलंगाना सरकार ने इसके लिए 26 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि हिमाचल को दे दी है।

एम.ओ.यू.–2

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार विद्युत क्षेत्र में बड़े सुधार कर रही है ताकि हिमाचल एक आत्मनिर्भर राज्य बन सकें। तेलंगाना के उप–मुख्यमंत्री विक्रामार्का मालू ने कहा कि ये समझौता ज्ञापन तेलंगाना क्लीन एंड ग्रीन एनर्जी नीति 2025 के तहत राज्य के ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने व पर्यावरण स्थिरता सुनिश्चित करने की तेलंगाना सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाता है। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि व्यवस्था तंत्र को सशक्त करने में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे आज शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में भारतीय मीडिया पत्रकार संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे।

कुलदीप पठानिया ने कहा कि देश के इतिहास व विकास में पत्रकारिता का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकार अपने जीवन काल में पत्रकारिता के माध्यम से अधिकतर समय समाज सेवा करते हैं, ऐसे में पत्रकारों को सामाजिक सुरक्षा पैंशन व चिकित्सा सहायता उपलब्ध होनी चाहिए। इस अवसर पर भारतीय मीडिया पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाला भास्कर, हिमाचल प्रदेश राज्य अध्यक्ष कामेश्वर शर्मा और राज्य सचिव उज्जवल शर्मा ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किए।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भर चक्रीय अर्थव्यवस्था स्थापित करने, रोजगार सृजित करने और आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। राज्यसभा में सांसद सिकंदर कुमार के एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देने के लिए चक्रीय प्लास्टिक और संधारणीय रसायनों के डाउन स्ट्रीम उत्पान को सक्षम करने के लिए मुम्बई स्थित एक कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

यादविंद्र गोमा

आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने आज जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के पंचरूखी की लदोह पंचायत में जन सेवा केंद्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है और विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। यादविंद्र गोमा ने बताया कि जयसिंहपुर की 12 पंचायतों के लिए नाबार्ड  के तहत 32 करोड़ रुपये की पेयजल योजना निर्मित की जा रही है जिसका कार्य युद्धस्तर पर जारी है।